दैनिक
# न्याय साक्षी
खबरें खास
रायगढ़, शुक्रवार 24 दिसंबर 2021
www.nyaysakshi.com


## महत्वपूर्ण एवं खास

### धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**रायगढ़।** ग्राम हिंझर थाना तमनार निवासी टिकेश्वर राठिया पिता उत्तर कुमार राठिया (उम्र 38 वर्ष) के शिकायत जांच पर अनावेदक बंशी सिदार ग्राम बजरमुडा थाना तमनार पर धोखाधड़ी का अपराध पंजीबद्ध किया गया है। शिकायतकर्ता बताया कि यह अपने साथी सुधीर निषाद निवासी तमनार के साथ मिलकर ग्राम बजरमुडा के बंशी सिदार के जमीन पर आपसी समझौता करके दो मुर्गी फार्म निर्माण किया गया था। उक्त फार्म सीएसपीडीसीएल में प्रभावित हुआ और कंपनी बंशी सिदार के भूमि पर मुआवजा राशि 3,25,97,307 रूपये दिया। बंशी सिदार द्वारा मुर्गी फार्म निर्माण आदि में खर्च हुये रकम के एवज में टिकेश्वर राठिया को 33,00,000 रूपये दिया और 85,00,000 रूपये का चेक दिया, चेक को टिकेश्वर राठिया बैक जाकर आहरण करने जाने पर बैंक में पता चला कि बंशी सिदार होल्ड कर दिया गया था। बंशी सिदार के मिलने पर पैसा देने कहने पर आनाकानी करने एवं पैसे नहीं लौटने, मारने पीटने की धमकी देने पर शिकायतकर्ता द्वारा थाना तमनार में आवेदन दिया गया। आवेदन पर बंशी सिदार के विरूद्ध धारा 420,506 आईपीसी का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

### प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 29 दिसम्बर को

**रायगढ़।** निजी क्षेत्र की रिक्तियों में प्लेसमेंट को बढ़ावा देने के लिए 29 दिसम्बर 2021 को प्रातः 10:30 बजे, स्थान-जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र रायगढ़ में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। योग्यताधारी आवेदक समस्त मूल प्रमाण पत्रों के साथ उपस्थित होकर प्लेसमेंट कैम्प में भाग ले सकते है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी कार्यालय में संपर्क कर सकते है।
प्लेसमेंट कैम्प में जिन पदों पर भर्ती किया जाना है इनमें चैतन्य इंडिया फाईनेंस प्रा.लि.इंदिरा नगर टीकरापारा रायगढ़ में कस्टमर केयर रिलेशनशीप, असिस्टेंट ब्रांच मैनेजर, ब्रांच मैनेजर के लिए 50 पदों की भर्ती की जाएगी। जिसके लिए शैक्षणिक योग्यता कक्षा 12 वीं, स्नातक एवं स्नातकोत्तर उत्तीर्ण जरूरी है। उक्त सभी पद केवल पुरूष आवेदकों के लिए है। इसी तरह मगध इलेक्ट्रीकल जगदलपुर में इलेक्ट्रीशियन में 10 पदों पर भर्ती की जाएगी। साथ ही होटल पुष्पक एवं कृष्णा बेकरी, मुख्य चिकित्सालय के सामने रायगढ़ में आइस सेफ, मैस सेफ एवं हेल्पर के 10 पद के लिए 8 वीं उत्तीर्ण एवं ड्राइवर में 4 पदों में अनुभवी को भर्ती की जाएगी। जिसमें उनका लाईसेंस होना अनिवार्य है।

### संभाग स्तरीय खेल में शामिल होंगे एकलव्य विद्यालय के छात्र

**रायगढ़।** रायगढ़ संभाग स्तरीय खेल, सांस्कृतिक एवं बौद्धिक प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए जिले में संचालित एकलव्य आदर्श विद्यालयों के 87 छात्र-छात्राओं, व्यायाम शिक्षक सहित अन्य 9 शिक्षक-शिक्षिकाओं की टीम रवाना हुए। विद्यालय के उक्त टीम कोरबा में आयोजित संभाग स्तरीय प्रतिस्पर्धा के तात्कालिक भाषण, पोस्टर, चित्रकला, लोक गायन, समूह नृत्य, हैड बॉल, हॉकी, कबड्डी तथा एथलेटिक्स जैसी विधाओं में अपनी कुशलता का परिचय देते हुए जिले के एकलव्य विद्यालयों का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# नगरीय निकाय/उप निर्वाचन 2021: रायगढ़ के वार्ड 9 व 25 में इंडियन नेशनल कांग्रेस प्रत्याशियों की हुई जीत

## सारंगढ़ नगर पालिका परिषद में 11 इंडियन नेशनल कांग्रेस, 3 भारतीय जनता पार्टी एवं एक निर्दलीय की हुई जीत



**रायगढ़।** नगर पालिका परिषद सारंगढ़ के 15 वार्डों में हुए आम निर्वाचन व नगर पालिक निगम रायगढ़ के वार्ड क्रमांक 09 एवं 25 में हुए उप निर्वाचन के परिणामों की मतगणना पश्चात घोषणा हुई।

रायगढ़ नगर पालिक निगम वार्ड क्रमांक 9 चांदमारी में इंडियन नेशनल कांग्रेस से रंजना कमल पटेल विजयी घोषित हुई और उन्हें 957 मत मिले। इसी वार्ड से अन्य प्रत्याशियों में जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) से असलम खान (डब्बू) को 101, भारतीय जनता पार्टी से श्रवण सिदार को 935, बहुजन समाज पार्टी से सुरेश कुमार सामल को 27, निर्दलीय श्रवण कुमार ध्रुव को 4 मत प्राप्त हुए। इसी तरह वार्ड क्रमांक 25 कौहाकुंडा में इंडियन नेशनल कांग्रेस की प्रत्याशी श्रीमती सपना सिदार विजयी घोषित हुई, उन्हें 887 मत मिले। इसी वार्ड से अन्य प्रत्याशियों में भारतीय जनता पार्टी से श्रीमती रश्मि गबेल को 682 एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) से श्रीमती सरस्वती दुर्गाचरण यादव को 75 मत मिले।

**सारंगढ़ नगर पालिका परिषद के परिणाम-** नगर पालिका परिषद सारंगढ़ अंतर्गत वार्ड क्रमांक-1 इंदिरा गांधी वार्ड में निर्दलीय कमलकांत निराला चाटु विजयी घोषित किए गए, उन्हें 617 मत प्राप्त हुए। इस वार्ड से अन्य प्रत्याशियों में कांग्रेस से सरिता शाखाराम मल्होत्रा को 328, भारतीय जनता पार्टी से सविता अरविन्द हरिप्रिया को 68, निर्दलीय सीमा सुरेश रात्रे को 199 एवं निर्दलीय उषा अनंत को 13 मत प्राप्त हुए।

वार्ड क्रमांक-2 पंडित जवाहर लाल नेहरू वार्ड से इंडियन नेशनल कांग्रेस से कमला किशोर निराला विजयी घोषित की गई, उन्हें 531 मत प्राप्त हुए। इस वार्ड से अन्य प्रत्याशियों में भारतीय जनता पार्टी से वंदना लहरे को 54 एवं निर्दलीय पूर्णिमा सम्मेलाल कुर्रे को 308 मत प्राप्त हुए।

वार्ड क्रमांक-3 सुभाष चन्द्र बोस वार्ड में इंडियन नेशनल कांग्रेस से किरण नंदु मल्होत्रा विजयी घोषित हुए, उन्हें 715 मत प्राप्त हुए। इस वार्ड से अन्य प्रत्याशियों में भारतीय जनता पार्टी से राजेश जायसवाल को 574 मत प्राप्त हुए।

वार्ड क्रमांक-4 चन्द्रशेखर आजाद वार्ड में भारतीय जनता पार्टी से मयूरेश केशरवानी बंटी विजयी घोषित हुए, उन्हें 591 मत प्राप्त हुए। इस वार्ड से अन्य प्रत्याशियों में इंडियन नेशनल कांग्रेस से ईश्वर देवांगन को 537 मत प्राप्त हुए।

वार्ड क्रमांक-5 अकबर गंज वार्ड में इंडियन नेशनल कांग्रेस से शांति लक्ष्मण मालाकार विजयी घोषित हुई, उन्हें 1488 मत प्राप्त हुए। इसी वार्ड में भारतीय जनता पार्टी से सत्या कहार को 632 मत मिले।

वार्ड क्रमांक-6 डॉ.राधाकृष्णन वार्ड में इंडियन नेशनल कांग्रेस से रामप्रसाद यादव विजयी घोषित हुए, उन्हें 577 मत मिले। इस वार्ड से अन्य प्रत्याशियों में भारतीय जनता पार्टी से गणेश राम खर्रा को 265, निर्दलीय गेसदार महंत को 30 एवं निर्दलीय सविता सारथी को 68 मत प्राप्त हुए।

वार्ड क्रमांक-7 लाल बहादुर शास्त्री वार्ड में इंडियन नेशनल कांग्रेस से सुनील यादव विजयी घोषित हुए, उन्हें 332 मत मिले। इस वार्ड से अन्य प्रत्याशियों में भारतीय जनता पार्टी से अजय गोपाल यादव को 192 एवं निर्दलीय त्रिलोचन सुनील यादव को 125 मत प्राप्त हुए।

वार्ड क्रमांक-8 शहीद भगत सिंह वार्ड में इंडियन नेशनल कांग्रेस से शुभम बाजपेयी विजयी घोषित हुए, उन्हें 1038 मत मिले। इस वार्ड से अन्य प्रत्याशियों में भारतीय जनता पार्टी से मनोज कुमार जायसवाल को 620 मत मिले।

वार्ड क्रमांक-9 स्वामी विवेकानंद वार्ड में भारतीय जनता पार्टी से अमित तिवारी रिंकु विजयी घोषित हुए, उन्हें 793 मत मिले। इसी वार्ड से इंडियन नेशनल कांग्रेस से प्रभा सूरज तिवारी को 595 मत मिले।

वार्ड क्रमांक-10 मौलाना आजाद वार्ड में इंडियन नेशनल कांग्रेस से रामनाथ सिदार विजयी घोषित हुए, उन्हें 726 मत मिले। इसी वार्ड से भारतीय जनता पार्टी से संजय सोरेंग को 261 मत मिले।

वार्ड क्रमांक-11 महात्मा गांधी वार्ड में इंडियन नेशनल कांग्रेस से सरिता शंकर चन्द्रा विजयी घोषित हुए, उन्हें 730 मत मिले। इसी वार्ड से भारतीय जनता पार्टी से नीलिमा सोना यादव-182 एवं निर्दलीय दंतेश्वरी विकास यादव को 250 मत मिले।

वार्ड क्रमांक-12 डॉ.राजेन्द्र प्रसाद में वार्ड में इंडियन नेशनल कांग्रेस से गीता महेन्द्र थवाईत विजयी घोषित हुई, उन्हें 672 मत मिले। इसी वार्ड से भारतीय जनता पार्टी से कु.ज्योति धनुषधारी आदित्य को 550 मत मिले।

वार्ड क्रमांक-13 सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड में भारतीय जनता पार्टी से सत्येन्द्र सिंह बरगाह (बाटा) विजयी घोषित हुए, उन्हें 1077 मत मिले। इसी वार्ड से इंडियन नेशनल कांग्रेस से अविनाश पुरी गोस्वामी-298, निर्दलीय चन्द्रभान तिवारी गुरूजी-15 एवं निर्दलीय जितेन्द्र जीतू गुप्ता को 67 मत मिले।

वार्ड क्रमांक-14 डॉ.भीमराव अम्बेडकर वार्ड में इंडियन नेशनल कांग्रेस से संजीता सिंह सरिता विजयी घोषित हुई और उन्हें 534 मत मिले। भारतीय जनता पार्टी से निर्मला गोलू यादव को 447 मत मिले।

वार्ड क्रमांक-15 डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड में इंडियन नेशनल कांग्रेस से श्रीमती सोनी अजय बंजारे विजयी घोषित हुई और उन्हें 723 मत मिले। इसी वार्ड में भारतीय जनता पार्टी से दुजबाई मनहर-60 तथा निर्दलीय तिलोत्मा चौहान को 65 मत मिले।

# जुर्डा के इको पार्क में जुआ खेलते 7 जुआरी गिरफ्तार

**» आरोपियों से 21,600 रुपए नकद जब्त, चक्रधरनगर पुलिस ने की कार्रवाई**



**रायगढ़।** दिनांक 22/122021 के शाम चक्रधरनगर थाना प्रभारी निरीक्षक अभिनवकांत सिंह को मुखबिर से सूचना मिला कि ग्राम जुर्डा इको पार्क में कुछ जुआडियान 52 पत्ते ताश से जुआ खेलने बैठे हैं। थाना प्रभारी द्वारा मुखबीर सूचना पर थाने से पुलिस बल रेड कार्रवाई के लिये रवाना किया गया, पुलिस टीम की घेराबंदी देख कुछ जुआडियान पुलिस को देखकर इधर-उधर भागे पुलिस टीम द्वारा जुआ फड के पास से जुआ खेलते 07 जुआरियान 1- ओम प्रकाश पुरसेठ पिता स्वर्गीय कमल कांत पुरसेठ उम्र 42 वर्ष निवासी मधुबनपारा रायगढ़ 2- विजेंद्र सिंह ठाकुर पिता स्वर्गीय रामचंद्र ठाकुर उम्र 39 वर्ष कोष्टपारा रायगढ़ 3- रमेश शर्मा पिता स्वर्गीय मुंशीराम शर्मा उम्र 49 वर्ष कोष्टपारा रायगढ़ 4- अंकित बानी पिता कालीचरण बानी उम्र 25 साल गांजा चौक रायगढ़ 5- प्रहलाद गुप्ता पिता नंद किशोर गुप्ता उम्र 29 साल गांजा चौक रायगढ़ 6- कमल सिंह पिता डी.एल.सिंह उम्र 39 वर्ष रामनिवास चौक रायगढ़ 7- सुरेश कुमार पिता एम. एल. अग्रवाल उम्र 54 वर्ष गौरी शंकर मंदिर रोड रायगढ़ पर थाना चक्रधरनगर पकड़े गये।

आरोपियों के फड एवं पास से 21,600 रूपए नगदी बरामद हुआ जिसकी जप्ती कार्रवाई पश्चात आरोपी ओम प्रकाश पुरसेठ का मेमोरेंडम लिया गया जिसमें उसने बताया कि दिनांक 22/122021 को रायगढ़ से जुर्डा इको पार्क पिकनिक मनाने विजेंद्र सिंह ठाकुर, रमेश शर्मा, अंकित बानी, प्रहलाद गुप्ता, कमल सिंह, सुरेश कुमार, अंशु टुटेजा, प्रवीण द्विवेदी, गोलू यादव के साथ आया था, जहां सभी मिलकर 52 पत्ते तास से जुआ खेल रहे थे, करीब 16.00 बजे पुलिस जुआ रेड कार्रवाई के लिये घेराबंदी की उसी दरम्यान जुआ फड से सभी इधर-उधर भागे 07 लोगों को पुलिस स्टाफ पकड़ ली साथ में जुआ खेलने वाला अंशु टुटेजा, प्रवीण द्विवेदी, गोलू यादव भाग गये, दो गवाहों द्वारा भी तीन लड़कों को जुआ फड से भागना बताया गया है। आरोपी ओम प्रकाश पुरसेठ के मेमोरेंडम एवं गवाहों के कथन पर अंशु टुटेजा, प्रवीण द्विवेदी, गोलू यादव को भी गिरफ्तार 07 जुआरियों के साथ धारा 13 जुआ एक्ट का आरोपी बनाया गया है। फरार आरोपियों की पतासाजी कर उनके अपराधिक रिकार्ड की जानकारी ली जा रही है। कार्रवाई में प्रधान आरक्षक लोमेश राजपूत, आरक्षक सुशील यादव, विक्कू सिंह ठाकुर, चन्द्र कुमार बंजारे, अभिलेश कुश्वाहा, दिनेश गोंड की अहम भूमिका रही है।

# अवैध शराब बिक्री करने वाले आरोपी पकड़ाए

**रायगढ़।** पुसौर क्षेत्र में ओड़िशा की शराब तस्करी कर बिक्री की सूचना पर आबकारी उप निरीक्षक रमेश सिंह सिदार ने त्वरित कार्यवाही करते हुए ग्राम कान्दागढ़ के प्रमोद चौहान को 38 पाउच मयूर छाप ओड़िशा राज्य की महुआ शराब बेचने के लिये रखे हुए पकड़ा। प्रत्येक पाउच में 180 मिली लीटर शराब भरी हुई पाई गई, कुल 6.84 लीटर शराब बरामद होने पर आरोपी को आबकारी एक्ट की धारा 34(2) की तहत् जेल भेजा गया। ग्राम औरदा के लालाराम साव द्वारा अंग्रेजी शराब अवैध रूप से बिक्री की शिकायत पर उड़नदस्ता उप निरीक्षक रंजीत गुप्ता ने तलाशी ली, जिसमें 10 पाव विदेशी मदिरा गोवा के बिक्री करते पाये जाने पर आरोपी लालाराम साव को गिरफ्तार कर प्रकरण कायम किया गया।

ग्राम लोईंग थाना चक्रधर नगर क्षेत्र में शराब बनाकर बेचने की सूचना पर आबकारी टीम ने जॉच की, जिसमें रोहित कुमार के घर की तलाशी में 3 लीटर महुआ शराब बेचने के लिए रखा हुआ पाया। आरोपी रोहित के विरूद्ध न्यायालयीन कार्यावाही की गई। ग्राम झिकाबहाल थाना तमनार के राजू यादव को ओड़िशा राज्य की रायल स्टेग विदेशी शराब बेचते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया, आरोपी राजू यादव को न्यायालय घरघोड़ा में पेश किया गया। सहायक जिला आबकारी अधिकारी रमेश कुमार अग्रवाल को ग्राम बनखेता थाना-चक्रधर नगर में अवैध शराब बनाकर बेचने की खबर मिलने पर टीम ने संजू उरांव को 04 लीटर शराब के साथ पकड़ा।

# चुनाव लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी को निर्वाचन व्ययों का अंतिम लेखा 22 जनवरी तक करना होगा प्रस्तुत

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग, रायपुर के निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश 2019 की कंडिका 7 के अनुसार नगरीय निकाय निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी को निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अंदर अर्थात 22 जनवरी 2022 तक निर्वाचन व्ययों का अंतिम लेखा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन), रायगढ़ के पास दाखिल करना अनिवार्य है। जिसमें उन्हें निर्वाचन व्यय का दिन प्रतिदिन का लेखा रजिस्टर (प्रोफार्म क), प्रोफार्मा-क में दर्ज प्रविष्टियों से संबंधित समस्त मूल व्हाउचर, निर्वाचन व्यय का सार विवरण (प्रोफार्मा-ख), शपथ पत्र (प्रोफार्मा-ग) एवं बैंक खाता स्टेटमेंट अद्यतन स्थिति में जमा करना होगा।

उपरोक्त समस्त दस्तावेज अभ्यर्थी द्वारा अभिप्रमाणित एवं हस्ताक्षरित किया जाकर जिला निर्वाचन अधिकारी के पास निर्धारित समयावधि के अंदर दाखिल किया जाना अनिवार्य है। अन्यथा छ.ग.नगरपालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 14-ग/छ.ग.नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 32-ग के अधीन निरर्हित किए जाने का प्रावधान है। अतएव अपना निर्वाचन व्यय लेखा नियत समयावधि में जमा कराना होगा। लेखा जमा नहीं किये जाने की स्थिति में होने वाली किसी भी कार्यवाही की संपूर्ण जवाबदारी संबंधित अभ्यर्थी की होगी।

# कलेक्टर भीम सिंह ने मनमाने तरीके से वाहनों में रिफ्लेक्टर पट्टी लगाने की शिकायतों पर कार्यवाही के दिये थे निर्देश

**» पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा ने तत्काल अनुमति की निरस्त, आगे शिकायत मिलने पर होगी विधिसम्मत कार्यवाही**

**रायगढ़।** जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं में रोकथाम को लेकर वाहनों में रेडियम/रिफ्लेक्टर पट्टी लगाने को लेकर हो रही मनमानी के संबंध में मिल रही शिकायतों को कलेक्टर भीम सिंह ने संज्ञान में लेते हुए पुलिस अधीक्षक रायगढ़ अभिषेक मीणा को उक्त शिकायतों पर कार्यवाही करने निर्देशित किया था। जिसके तहत पुलिस अधीक्षक मीणा ने रेडियम/रिफ्लेक्टर पट्टी लगाने हेतु मो.हुसैन को प्रदाय की गई अनुमति को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया है और आगे इस प्रकार की शिकायतें मिलने पर संबंधित के विरुद्ध विधिसम्मत कार्यवाही करने के निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिये हैं।

ज्ञात हो कि जिला स्तर पर बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं के कारणों के अवलोकन पर पाया गया कि वाहनों में रेडियम/रिफ्लेक्टर पट्टी के नहीं होने से रात्रि में स्पष्ट दृश्यता के अभाव में सड़क दुर्घटनाएं घटित हो रही है एवं दुर्घटना उपरांत गोल्डेन ऑवर में मौके पर प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध न होने की स्थिति में गंभीर प्रकरणों की संख्या उत्तरोत्तर बढ़ी है। इन परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए समाजसेवी संस्था मानव जीवन फाउंडेशन के प्रतिनिधि मो.हुसैन के अनुरोध पर ऐसे वाहन जिनमें रेडियम/रिफ्लेक्टर पट्टी एवं फर्स्ट स्वेच्छापूर्वक लगवाना चाहते हो, ऐसे वाहन में रिफ्लेक्टर/रेडियम पट्टी एवं फर्स्ट एड बॉक्स उपलब्ध कराने की अनुमति प्रदान की गई थी। उक्त अनुमति की अनिवार्य शर्त थी कि वाहन मालिकों द्वारा इच्छा जताये जाने पर ही उनके वाहनों में रेडियम/रिफ्लेक्टर पट्टी को लगाया जाएगा एवं फर्स्ट एड बॉक्स को उपलब्ध कराया जाएगा, ना कि उन्हें बाध्य करके ऐसा किया जाएगा। वाहन चालकों एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर आवेदक द्वारा मनमाने तौर पर कार्य करने की जानकारी प्राप्त हुई है। अतः दिए गए निर्देशों का उल्लंघन करते हुए पाए जाने से समाजसेवी संस्था मानव जीवन फाउंडेशन के प्रतिनिधि मो.हुसैन को प्रदाय की गई अनुमति को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया गया है। अगर भविष्य में समाजसेवी संस्था द्वारा उपरोक्तानुसार कार्य किया जाता है तो उन पर विधिसम्मत कार्यवाही की जाएगी।

# राष्ट्रीय किसान दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय पुरस्कृत कृषक

**» कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों द्वारा विद्यार्थी एवं प्रगतिशील कृषकों को कराया प्रक्षेत्र भ्रमण**

**रायगढ़।** कृषि विज्ञान केन्द्र व कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र रायगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित राष्ट्रीय किसान दिवस में रायगढ़ एवं जांजगीर-चाम्पा जिले के राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय पुरस्कृत कृषक शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत के अध्यक्ष निराकार पटेल उपस्थित हुये। इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय के निर्देश के परिपालन में कक्षा 12 वीं में अध्ययनरत सरस्वती शिशु मंदिर के विद्यार्थी शामिल हुये। इस कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र व कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र तथा सभी प्रगतिशील कृषकों के द्वारा उन्नत कृषि तकनीकी प्रदर्शनी लगायी गई। कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों द्वारा विद्यार्थी एवं प्रगतिशील कृषकों को प्रक्षेत्र भ्रमण कराया गया।

जिला पंचायत अध्यक्ष पटेल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुये कहा कि कृषि विज्ञान केन्द्र, रायगढ़ की ऐतिहासिक पहल है जिसमें राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत कृषकों को एक मंच पर आमंत्रित कर सम्मान किया गया। उन्होंने कहा कि हमारा देश कृषि के क्षेत्र में विभिन्न कृषि आधारित तकनीकों व उपकरणों का उपयोग करके धान एवं अन्य फसलों के क्षेत्र में अग्रणी है। जिले के लैलूंगा विकास खण्ड में उत्पादित जवाफूल चावल को कलेक्टर रायगढ़ द्वारा



प्रोत्साहित करने की प्रशंसा की गई एवं निकट भविष्य में जिला स्तर पर सभी पुरस्कृत कृषकों का सम्मेलन करने का आश्वासन दिया एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया।

कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र के अधिष्ठाता डॉ. ए. के. सिंह द्वारा उन्नत कृषि तकनीकों को आगे बढ़ाने के लिए किसानों को प्रेरित किया गया। जिससे व्यापक स्तर फैलाव हो सके। कृषि विज्ञान केन्द्र प्रमुख इंजी. श्री आर.के.स्वर्णकार द्वारा शाश्वत कृषि को अपनाने हेतु देशी गौ-पालन आधारित तकनीकी एवं खेती को बढ़ावा देने के लिए जोर दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित समस्त प्रगतिशील एवं पुरस्कृत कृषकों द्वारा कृषि के आधुनिक खेती, जैविक खेती, आधुनिक कृषि यंत्रो के उपयोग, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन, मुर्गीपालन, बीज उत्पादन कार्यक्रम व अन्य तकनीकों के बारे में अपने-अपने अनुभवों को साझा किये।

इस दौरान डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न व प्रगतिशीन किसान उपेन्द्र चौधरी, विजय यादव, डेढ़राज चंद्रा, लक्ष्मण पटेल, खीर सागर पटेल, मुकेश चौधरी, राकेश जयसवाल रामाधार देवांगन, रामकृष्ण केशरवानी, गौरव सलूजा, सीतारा पटेल, दादू राम चंद्रा, घनश्याम पटेल, श्रीमती सुशीला गबेल, श्रीमती उर्मिला सिदार, सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल के प्राचार्य, शिक्षक, विद्यार्थी एवं कृषि विज्ञान केन्द्र, कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. मनीषा चौधरी, के.के. पैकरा, डॉ. सी.पी. एस. सोलंकी, डॉ.एन.सी. बंजारा, आशुतोष सिंह, एन.के. पटेल, एस.के. पैकरा, जी.आर.राठिया व आकाशवाणी रायगढ़ से शशि प्रकाश पाण्डे, जिला पंचायत के सभापति एवं अन्य प्रगतिशील किसान उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मृदा वैज्ञानिक के.डी.महंत द्वारा किया गया।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480